IndiaShellHell-148x210:Layout 1 2/21/09 1:07 PM Page 1

चूजे जैसा बदनसीब नहीं दूजा

भारत में चूजों का छोटा और दयनीय जीवन

भारत में भोजन के लिए हर वर्ष अरबों चूजों की हत्या की जाती है. वर्ष २०२० तक भारत में चूजों के मांस की मांग दोगुनी से भी अधिक होने की उम्मीद है. भोजन के लिए पैदा किए गए शर्मीले और नाजुक प्राणी चूजों को बगैर खिड़कियों के मुर्गीपालन फार्म में अपना दयनीय और अप्राकृतिक रूप से छोटा जीवन बिताने के लिए ठूंस–ठूंस कर भर दिया जाता है, जो कम से कम स्थान और लागत द्वारा मीट की अधिक से अधिक मात्रा उत्पादित करने के लिए बनाए जाते हैं.

'ब्रायलर' चिकन क्या है?

''ब्रायलर'' वो मुर्गियां होती हैं जिन्हें उनके माँस के लिए पैदा किया और मार दिया जाता है. मुर्गियां प्राकृतिक रूप से एक दशक से अधिक समय तक जीवित रह सकती हैं, लेकिन मांस के लिए पैदा किए गए चूजों के वजन के अनुसार ४० से ४२ दिन में हत्या कर दी जाती है. उन्हें अक्सर एंटीबायोटिक खिलाए जाते हैं, तथा उनके पैरों, दिल और फेफड़ों की आधार संरचना आमतौर पर उनकी तेजी से बढ़ते शरीर का साथ नहीं दे पाती – जिसके कारण जलोदर (पेट में पानी इकट्ठा हो जाना) एवं अकस्मात् मृत्यु सहलक्षण जैसी समस्याएँ आती हैं.

दसों हजार पक्षियों को अंधेरे, गंदे छप्परों में ठूंस दिया जाता है, जहाँ पशुओं की आँखें चूजों द्वारा जमा कचरे से उत्पन्न अमोनिया के कारण जलती हैं. कई पक्षियों के पैर इतने गंभीर रूप से खराब हो जाते हैं कि वे भोजन और पानी तक नहीं पहुँच पाते. परिवहन से हत्या के दौरान, जिसमें हर तरह के खराब मौसम में यात्रा शामिल होती है – हड्डियाँ टूटना आम बात है. कसाईखाने पहुँचने के बाद, चूजों को वाहकों द्वारा तुरन्त जबरदस्ती पकड़ लिया जाता है और पैरों से उल्टा लटका दिया जाता है. कई पक्षियों को पंख हटाने के लिए जलाने वाले गर्म टैंकों में जिन्दा ही फेंक दिया जाता है. कसाई की छोटी दुकानों पर, अन्य पक्षियों द्वारा देखते देखते चूजों के गले फर्श पर या कसाई के तख्ते पर अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में काट दिए जाते हैं.

यदि आप ''ब्रायलर'' चिकन की छोटी दुकानों पर शीघ्रता से नजर डालेंगे, तो आप पाएंगे के पक्षियों को अधिकांशतः जंग लगे, गंदे तारों के पिंजरों में रखा जाता है– बहुधा बगैर भोजन और पानी के इन चूजों का सार्वजनिक प्रदर्शन किया जा रहा होता है, ताकि ग्राहक पक्षी चुन सकें और वहीं पर उन्हें हलाल करा सके. यहाँ तक कि बच्चों को भी अन्य जीवित प्राणियों की पीड़ा के प्रति असंवेदनशील बनाते हुए यह भयानक कृत्य देखने को मजबूर किया जाता है.

अंडा उत्पादन किस प्रकार होता है?

अंडे भी आपके चिकन टिक्का या मटन बर्गर की तरह मांसाहारी होते हैं – वे चूजों के प्रजनन तंत्र का एक भाग होते हैं. अंडा उत्पादन के लिए लाखों मुर्गियों का इस्तेमाल किया जाता है, जो अपना पूरा जीवन विशाल फैक्टरी गोदामों के छोटे पिंजरों में ही बिता देती हैं, जहाँ १५०० से २००० पिंजरे कतारबद्ध रखे होते है. पिंजरे एक दूसरे के ऊपर रखे होने के कारण ऊपर से पक्षियों का मल नीचे वाले पक्षियों पर गिरता है.

PETAIndia.com
PEOPLE FOR THE ETHICAL TREATMENT OF ANIMALS
PO Box 2
GPO, Pune 411 001
tel. (20) 2605 8102

भारत में भोजन के लिए हर वर्ष अरबों चूजों की हत्या की जाती है. वर्ष २०२० तक भारत में चूजों के मांस की मांग दोगुनी से भी अधिक होने की उम्मीद है. भोजन के लिए पैदा किए गए शर्मीले और नाजुक प्राणी चूजों को बगैर खिड़कियों के मुर्गीपालन फार्म में अपना दयनीय और अप्राकृतिक रूप से छोटा जीवन बिताने के लिए ठूंस-ठूंस कर भर दिया जाता है, जो कम से कम स्थान और लागत द्वारा मीट की अधिक से अधिक मात्रा उत्पादित करने के लिए बनाए जाते हैं.

'ब्रायलर' चिकन क्या है?

''ब्रायलर'' वो मुर्गियां होती हैं जिन्हें उनके माँस के लिए पैदा किया और मार दिया जाता है. मुर्गियां प्राकृतिक रूप से एक दशक से अधिक समय तक जीवित रह सकती हैं, लेकिन मांस के लिए पैदा किए गए चूजों के वजन के अनुसार ४० से ४२ दिन में हत्या कर दी जाती है. उन्हें अक्सर एंटीबायोटिक खिलाए जाते हैं, तथा उनके पैरों, दिल और फेफड़ों की आधार संरचना आमतौर पर उनकी तेजी से बढ़ते शरीर का साथ नहीं दे पाती – जिसके कारण जलोदर (पेट में पानी इकट्ठा हो जाना) एवं अकस्मात् मृत्यु सहलक्षण जैसी समस्याएँ आती हैं.

दसों हजार पक्षियों को अंधेरे, गंदे छप्परों में ठूंस दिया जाता है, जहाँ पशुओं की आँखें चूजों द्वारा जमा कचरे से उत्पन्न अमोनिया के कारण जलती हैं. कई पक्षियों के पैर इतने गंभीर रूप से खराब हो जाते हैं कि वे भोजन और पानी तक नहीं पहुँच पाते. परिवहन से हत्या के दौरान, जिसमें हर तरह के खराब मौसम में यात्रा शामिल होती है – हड्डियाँ टूटना आम बात है. कसाईखाने पहुँचने के बाद, चूजों को वाहकों द्वारा तुरन्त जबरदस्ती पकड़ लिया जाता है और पैरों से उल्टा लटका दिया जाता है. कई पक्षियों को पंख हटाने के लिए जलाने वाले गर्म टैंकों में जिन्दा ही फेंक दिया जाता है. कसाई की छोटी दुकानों पर, अन्य पक्षियों द्वारा देखते देखते चूजों के गले फर्श पर या कसाई के तख्ते पर अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में काट दिए जाते हैं.

यदि आप ''ब्रायलर'' चिकन की छोटी दुकानों पर शीघ्रता से नजर डालेंगे, तो आप पाएंगे के पक्षियों को अधिकांशतः जंग लगे, गंदे तारों के पिंजरों में रखा जाता है– बहुधा बगैर भोजन और पानी के इन चूजों का सार्वजनिक प्रदर्शन किया जा रहा होता है, ताकि ग्राहक पक्षी चुन सकें और वहीं पर उन्हें हलाल करा सके. यहाँ तक कि बच्चों को भी अन्य जीवित प्राणियों की पीड़ा के प्रति असंवेदनशील बनाते हुए यह भयानक कृत्य देखने को मजबूर किया जाता है.

अंडा उत्पादन किस प्रकार होता है?

अंडे भी आपके चिकन टिक्का या मटन बर्गर की तरह मांसाहारी होते हैं – वे चूजों के प्रजनन तंत्र का एक भाग होते हैं. अंडा उत्पादन के लिए लाखों मुर्गियों का इस्तेमाल किया जाता है, जो अपना पूरा जीवन विशाल फैक्टरी गोदामों के छोटे पिंजरों में ही बिता देती हैं, जहाँ १५०० से २००० पिंजरे कतारबद्ध रखे होते है. पिंजरे एक दूसरे के ऊपर रखे होने के कारण ऊपर से पक्षियों का मल नीचे वाले पक्षियों पर गिरता है.

हर पिंजरे में छः से सात पक्षी होते हैं, तथा इन जन्तुओं को इस प्रकार एक साथ ठूंस दिया जाता है कि वे अपने पंख भी नहीं फैला सकते. जब चूजे ९ दिन के हो जाते हैं, तो डी-बीकिंग नामक प्रक्रिया के तहत एक जला देने वाली गर्म ब्लेड से उनकी नाजुक चोंच काट दी जाती है. तार के पिंजरों में दबाव और रगड़न के कारण मुर्गियां अपने पंख गंवा देती है. पक्षियों का शरीर घावों, खरोंचों और फोड़ों से ढक जाता है.

चिकन स्वास्थ्य आहार नहीं है

इस पर विचार करें: चिकन मीट में गो मांस के समान धमनी-अवरोधन कोलेस्ट्रॉल होता है, तथा एक अंडे में २०० मिलीग्राम से अधिक कोलेस्ट्रॉल होता है. फैक्टरी फार्मों में अत्यधिक भीड़ भरी स्थिति के कारण सैल्मोनेला एवं कैंपाइलोबेक्टर जैसे जीवाणु आग की तरह फैलते हैं. चूंकि अंडों के कवच छेददार होते हैं, अतः इन कवचों के माध्यम से जीवाणु आसानी से फैल सकते हैं और अंडों को संक्रमित कर सकते हैं. यूके में, अन्य जीवाणुओं की तुलना में कैंपाइलोबेक्टर के कारण भोजन विषाक्तता अधिक होती है, तथा खाद्य मानक एजेंसी चिकन को कैंपाइलोबेक्टर का मुख्य स्त्रोत मानती है. चूजों की संख्या का एक बड़ा भाग *ल्यूकोसिस* नामक कैंसर से ग्रसित है तथा भारत में चूजे बहुधा हैजे से पीड़ित होते हैं. नए शोध बताते हैं कि हर रोज अंडों का नाश्ता करने वाले लोगों को प्रकार २ मधुमेह होने का बढ़ता खतरा होता है. ५७,००० अमेरिकन वयस्कों पर किए गए दीर्घकालीन अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि हर रोज एक अंडा खाने